दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, रविवार 20 जून 2021 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-03, अंक- 260

## महत्वपूर्ण एवं खास

### न्यूनतम वेतन तय करने में देरी नहीं करेगी सरकार : केंद्र

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** श्रम मंत्रालय ने कहा है कि सरकार का न्यूनतम वेतन और राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी तय करने में विलंब का कोई इरादा नहीं है। इस तरह कि खबरें आई थीं कि इस मुद्दे पर तीन साल के कार्यकाल वाले विशेषज्ञ समूह के गठन का मकसद न्यूनतम वेतन और राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन तय करने में विलंब करना है। इन खबरों के बाद मंत्रालय ने शनिवार को यह स्पष्टीकरण दिया है। इससे पहले इसी महीने मंत्रालय ने घोषणा की थी कि केंद्र ने इस मुद्दे पर प्रसिद्ध अर्थशास्त्री अजित मिश्रा की अगुवाई में एक विशेषज्ञ समूह का गठन किया है। यह समूह न्यूनतम वेतन और मजदूरी तय करने के लिए तकनीकी जानकारी और सिफारिशें देगा। विशेषज्ञ समूह का कार्यकाल तीन साल का है। मंत्रालय ने कहा कि मीडिया के कुछ वर्गों में इस तरह की खबरें आई है कि अंशधारकों का मानना है कि यह सरकार द्वारा न्यूनतम वेतन और राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी तय करने में देरी का प्रयास है। मंत्रालय ने कहा कि हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि सरकार की ऐसी कोई मंशा नहीं है। विशेषज्ञ समूह जल्द से जल्द सरकार को अपनी सिफारिशें सौंपेगा।

### सरकार ने जल संरक्षण जागरूकता को दिया बढ़ावा : कटारिया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री रतन लाल कटारिया ने कहा कि सरकार लोगों से जुड़ने और उन्हें जल संरक्षण के बारे में जागरूक करने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। जल शक्ति मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय जल मिशन (एनडब्ल्यूएम) द्वारा आयोजित 27वीं जल वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने पानी के विवेकपूर्ण इस्तेमाल और इसके संरक्षण के बारे में लोगों को संवेदनशील बनाने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान शुरू कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि मंत्रालय जनता से जुड़ने और प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि को साकार करने यानी कि पानी को हर किसी का कर्तव्य बताने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। कटारिया ने कहा कि पिछले दो वर्षों में मंत्रालय ने कई अहम कार्यक्रम और अभियान शुरू किए है जैसे कि जल शक्ति अभियान-1, जल शक्ति अभियान-'कैच द रेन- वेयर इट फॉल्स वेन इट फॉल्स'। मंत्री ने राज्यों से वर्षा जल का संरक्षण करने का अनुरोध किया।

### नेपाल में अचानक आई बाढ़ से भारी तबाही, 16 की मौत, 22 लापता

**काठमांडू।** नेपाल में अचानक आई बाढ़ के कारण हाहाकार मच गया है। मध्य नेपाल के मनांग और सिंधुपालचोक में अचानक बाढ़ की चपेट में आने से अब तक कम से कम 16 लोगों की जान जा चुकी है जबकि 22 लोग लापता बताए जा रहे है। देश के गृह मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, पिछले रविवार से शुरू हुए इस आपदा के कारण देश भर में बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं से अब तक 16 मौतें, 11 जख्मी और 22 लोगों के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मरने वालों में तीन विदेशी नागरिक हैं। मंत्रालय ने बताया, अभी तक हमें संपत्तियो के नुकसान संबंधित रिपोर्ट नहीं मिली है। सरकार राहत और बचाव कार्य पर ध्यान दे रही है। साथ ही प्रभावित इलाकों में राहत सामग्रियां भिजवाई जा रही हैं। इस त्रासदी का वीडियो भी सामने आया है।नेपाल में मूसलाधार वर्षा के चलते बाढ़ और भूस्खलन में कुल मिलाकर 22 लोग लापता हैं और 16 लोगों ने अपनी जान से हाथ धो दिया है। नेपाल पुलिस, सेना और सशस्त्र पुलिस बल बचाव और राहत अभियान चला रही हैं।

### पश्चिम एशिया से अपनी एंटी मिसाइल प्रणाली को हटा रहा है अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका पश्चिम एशिया में अपनी मिसाइल-विरोधी प्रणालियों की संख्या को कम कर रहा है क्योंकि अमेरिका चीन और रूस पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहा है। अमेरिकी रक्षा विभाग कुवैत, इराक, सऊदी अरब और जॉर्डन से लगभग आठ पैट्रियट एंटीमिसाइल बैटरी वापस ले रहा है। साथ ही एक टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस सिस्टम को भी हटा रहा है। इसके अलावा पश्चिम एशिया में क्षेत्र में तैनात जेट फाइटर स्क्वाड्रन को भी कम कर रहा है। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन और सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के बीच दो जून को फोन पर हुई बातचीत के बाद अमेरिका यह कार्रवाई कर रहा है।

# भारत में 24 घंटे में कोविड-19 के 60,753 दैनिक नये मामले हुए दर्ज

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत में दैनिक नये मामलों की संख्या में लगातार कमी दर्ज की जा रही है। पिछले 24 घंटे में देश में 60,753दैनिक नये मामले दर्ज किए गए।

लगातार 12वें दिन देश में कोविड-19 के नये मामलों की संख्या एक लाख से कम दर्ज की गयी। यह केंद्र और राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के सहयोग से किए जा रहे सतत प्रयासों का नतीजा है।

भारत में कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या लगातार घट रही है। सक्रिय मामलों की संख्या गिरकर आज 7,60,019 हो गयी। सक्रिय मामलों की संख्या में 74 दिनों के बाद हुई यह सबसे ज्यादा कमी है।

पिछले 24 घंटे में सक्रिय मामलों की संख्या में कुल 38,637 की कमी आयी है। यह अब देश के कुल कोविड पॉजिटिव मामलों का केवल 2.55 प्रतिशत है।



साथ ही ज्यादा लोगों के कोविड-19 संक्रमण से स्वस्थ होने के साथ लगातार 37वें दिन बीमारी से स्वस्थ होने वाले लोगों की दैनिक संख्या कोविड-19 के दैनिक नए मामलों से ज्यादा है। पिछले 24 घंटे में बीमारी से 97,743 लोग स्वस्थ हुए हैं।

पिछले 24 घंटे में दैनिक नये मामलों की तुलना में बीमारी सेकरीब 37 हजार से ज्यादा (36,990) लोग स्वस्थ हुए हैं।

भारत में महामारी के शुरू होने के बाद से पहले ही कुल 2,86,78,390 लोगों में कोविड-19 ठीक हो चुका है और पिछले 24 घंटे में बीमारी से कुल 97,743 लोग स्वस्थ हुए हैं। बीमारी से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर भी बेहतर होकर 96.16 प्रतिशत हो गयी है और इसमें लगातार वृद्धि हो रही है। भारत में पिछले 24 घंटे में कुल 19,02,009 जांच हुई जिसके साथ अब तक हुए जांच की कुल संख्या 38.92 करोड़ से ज्यादा (38,92,07,637) है।

जहां एक तरफ पूरे देश में कोविड की जांच बढ़ गयी है, वहीं दूसरी तरफ साप्ताहिक पॉजिटिविटी रेट भी लगातार घट रहा है। साप्ताहिक पॉजिटिविटी रेट इस समय 3.58 प्रतिशत है जबकि दैनिक पॉजिटिविटी रेट आज 2.98 प्रतिशत हो गया। यह लगातार 12 दिनों से पांच प्रतिशत से कम बना हुआ है।

भारत में अब तक कोविड-19 टीके की 27.23 करोड़ से ज्यादा खुराक दी जा चुकी है। अस्थायी रिपोर्ट के अनुसार आज सुबह सात बजे तक 37,48,147 सत्रों में देश में कोविड-19 के टीके की कुल 27,23,88,783 खुराक दी जा चुकी हैं। पिछले 24 घंटे में टीके की 33,00,085 खुराक दी गयीं।

## नाबालिग लड़की से दुष्कर्म और हत्या मामले में ओरापी को हुई उम्रकैद

**शिमला (आरएनएस)।** शिमला की एक विशेष अदालत ने दुष्कर्म के एक मामले में अनिल कुमार उर्फ नीलू को उसके प्राकृतिक जीवन के अंत तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने 2017 में हिमाचल प्रदेश के कोटखाई इलाके में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में अनिल पर 10,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया।

केंद्रीय जांच ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) ने कुमार को उसके शेष प्राकृतिक जीवन तक आजीवन कारावास और कोटखाई में एक नाबालिग लड़की के दुष्कर्म और हत्या से संबंधित मामले में 10,000 रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई। ।

सीबीआई ने 19 जुलाई, 2017 को हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट की ओर से सुनाए आदेश पर 22 जुलाई, 2017 को मामला दर्ज किया था।

हलैला के जंगल में नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म व हत्या के आरोप में इससे पहले शिमला जिले के कोटखाई थाना में दुष्कर्म व हत्या का मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में स्थानीय पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले की हर समय निगरानी की जा रही थी, जिसकी अदालत भी निगरानी कर रही थी। जांच के दौरान यह पाया गया कि पीड़िता के साथ दुष्कर्म और हत्या का आरोपी कुमार पेशे से लकड़हारा था।

यह मामला बहुत ही चुनौतीपूर्ण रहा, जिसमें लोगों की भावनाएं भी शामिल रहीं। इस मामले में कोई चश्मदीद गवाह नहीं था। अपराध ऐसे घने जंगल में अंजाम दिया गया, जहां कोई व्यक्ति भी नहीं था। आरोपी घटनास्थल के क्षेत्र का नहीं था और उक्त अपराध के बाद अक्सर अपना ठिकाना भी बदलता रहता था। अन्य सबूतों के साथ, डीएनए प्रोफाइलिंग के माध्यम से अपराध में आरोपी की संलिप्तता स्थापित की गई।

## रेलवे ने 660 और ट्रेनों के संचालन को दी मंजूरी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत के विभिन्न राज्यों में कोरोनावायरस का ग्राफ गिरने के साथ अनलॉक की प्रक्रिया और पिछले 12 दिनों के दौरान कोविड-19 मामलों की संख्या एक लाख से कम होने को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे ने कहा कि उसने एक महीने में 660 और ट्रेनों के संचालन को मंजूरी दे दी है। रेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कोरोना की गति सपाट होने के साथ, भारतीय रेलवे जनता की यात्रा को सुगम बनाने, प्रवासी कामगारों की आवाजाही के लिए ट्रेनें उपलब्ध कराने और विभिन्न मूल गंतव्य क्लस्टरों में प्रतीक्षा सूची खत्म करने के लिए कई विशेष ट्रेनों का संचालन बढ़ाने जा रहा है।

कोविड की दूसरी लहर के गति पकड़ने से पहले, रोजाना औसतन लगभग 1768 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन हो रहा था।


18 जून 2021 तक, लगभग 983 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का रोजाना परिचालन हो रहा है, जो कोविड से पहले के स्तर की तुलना में लगभग 56 प्रतिशत है। मांग और व्यावसायिक जरूरतों के आधार पर ट्रेनों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ाई जा रही है।

एक जून 2021 तक, लगभग 800 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें परिचालन में थीं। एक जून से 18 जून 2021 तक की अवधि के दौरान, क्षेत्रीय रेलवे को 660 अतिरिक्त मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के परिचालन को मंजूरी दी गई थी।

बयान में कहा गया कि क्षेत्रीय रेलवे मंडलों को स्थानीय हालात, टिकट मांग की स्थिति और क्षेत्र में कोविड के मामलों को देखते हुए चरणबद्ध तरीके से ट्रेनों का संचालन बहाल करने की सलाह दी जाती है।

## देश में अगले दो-तीन महीने में आ सकती है कोरोना की तीसरी लहर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली एम्स के डायरेक्टर रणदीप गुलेरिया ने कहा कि देश में कोरोना की तीसरी लहर अगले छह से आठ सप्ताह में आ सकती है। उन्होंने कहा कि देश के बड़े हिस्से से लॉकडाउन हटाया गया है। उन्होंने कहा कि देश की मुख्य चुनौती एक बड़ी आबादी का टीकाकरण करना है। उन्होंने कोविशिल्ड वैक्सीन की दो डोज के बीच का अंतराल बढ़ाने के मुद्दे पर कहा कि यह ज्यादा से ज्यादा लोगों तक वैक्सीन से सुरक्षा प्रदान करने की कोशिश के तहत किया जा रहा है । कोरोना के नए डेल्टा प्लस वैरिएंट के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि कोविड के खिलाफ लड़ाई में भारत को एक नई सीमा विकसित करनी होगी।



उन्होंने कहा कि कोरोना की पहली और दूसरी लहर के दौरान जो कुछ भी हुआ उससे हमने सीखा नहीं है। एक बार फिर अनलॉक होने के बाद लोगों की भीड़ बढ़ने लगी है। लोग इकट्ठा हो रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर कोरोना के मामलों के बढ़ने में कुछ समय लगेगा। तीसरी लहर का आना तय है और यह अगले छह से आठ सप्ताह के अंदर दस्तक दे सकती है। या फिर थोड़ी देर हो सकती है। डॉ. गुलेरिया ने कहा कि यह इस बात पर निर्भर करता है कि हम कोरोना प्रोटोकॉल और भीड़ को रोकने के मामले में कैसे आगे बढ़ते हैं। देश की करीब 5 प्रतिशत आबादी को वैक्सीन की दोनों डोज दी जा चुकी है। सरकार का लक्ष्य इस साल के अंत तक देश में 130 करोड़ से अधिक लोगों के 108 करोड़ लोगों का टीकाकरण करना है।

एम्स प्रमुख ने कहा कि वैक्सीनेशन मुख्य चुनौती है। एक नई लहर के आने में आमतौर पर तीन महीने तक लग सकते हैं, लेकिन विभिन्न फैक्टर्स के आधार पर इसमें बहुत कम समय भी लग सकता है। कोविड प्रोटोकॉल के अलावा, हमें सख्त निगरानी रखने की जरूरत है। पिछली बार हमने एक नया वैरिएंट देखा जो बाहर से आया और यहां डेवलप हुआ, इससे कोरोना के मामले तेजी से बढ़े। हम जानते हैं कि वायरस म्यूटेट होता रहेगा। हॉटस्पॉट्स में सख्त निगरानी की जरूरत है।

## राहुल गांधी ने पूरे किये 51 बसंत, सेवा दिवस के रूप में जन्मदिन मना रही कांग्रेस

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी आज 51 साल के हो गए। उनके जन्मदिन के मौके पर कांग्रेस और कई अन्य दलों के प्रमुख नेताओं उन्हें बधाई दी और उनके स्वस्थ रहने एवं दीर्घायु होने की कामना की। राहुल गांधी का जन्म 19 जून, 1970 को हुआ था। राहुल गांधी ने कोरोना महामारी के कारण पैदा हुए हालात के मद्देनजर इस साल जन्मदिन नहीं मनाने का फैसला किया है, हालांकि इस मौके पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने 'सेवा दिवस' मनाते हुए जरूरतमंद लोगों को राशन, मेडिकल किट और मास्क बांटें।

पार्टी ने पहले ही प्रदेश कांग्रेस कमेटियों, पार्टी के विभिन्न संगठनों एवं विभागों को पत्र लिखकर कह दिया था कि वे राहुल गांधी के जन्मदिन के मौके पर किसी तरह के जश्न का आयोजन



नहीं करें तथा कोई होर्डिंग या पोस्टर नहीं लगाएं, बल्कि अपने पास उपलब्ध संसाधन का उपयोग जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए करें।राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस के तमाम वरिष्ठ नेताओं तथा दूसरे दलों के भी कई प्रमुख नेताओं ने उन्हें बधाई दी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ट्वीट किया, राहुल गांधी जी को जन्मदिन की बहुत शुकमामनाएं। उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह ने भी राहुल गांधी को बधाई दी। भूपेश बघेल ने कहा नफरतों के बीच मोहब्बत की बात, भय के बीच निडर होने की बात, तार-तार होती राजनीतिक शुचिता के बीच मूल्यों की बात। आसान नहीं होता विपरीत धाराओं के बीच खड़े होकर उनका रुख मोड़ना। लेकिन समझौतों से ऊपर की यही राजनीति आपको राहुल गांधी बनाती है। जननेता को जन्मदिन की शुभकामनाएं।

कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने राहुल गांधी के जन्मदिन पर भारतीय युवा कांग्रेस की ओर से आयोजित राशत एवं राहत सामाग्री वितरण कार्यक्रम में पहुंचकर जरूरतमंदों के बीच राहत सामाग्री बांटीं। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने ट्वीट किया, राहुल जी एक सच्चे नेता हैं जो सच्चाई, ईमानदारी, करुणा और साहस के साथ चुनौतियों का सामना करते हैं। वह ऐसे नेता हैं जिनके लक्ष्य से ज्यादा सही रास्ते का होना महत्वपूर्ण है। राहुल गांधी जी को जन्मदिन की बधाई।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा, सचिन पायलट और पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेताओं ने राहुल गांधी को जन्मदिन की बधाई दी। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष को बधाई दी और उनके लंबे एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। पूर्व प्रधानमंत्री और जनता दल (एस) के नेता एचडी देवगौड़ा ने कहा, राहुल गांधी जी एक अच्छे इंसान और मानवीय एवं समावेशी समाज को लेकर बहुत प्रतिबद्धित हैं।

## आर्टिकल 370 हटाने के बाद पीएम मोदी ने पहली बार बुलाई सर्वदलीय

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर की सियासत एक बार फिर करवट ले सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 जून को जम्मू-कश्मीर की सभी राजनीतिक पार्टियों की एक मीटिंग बुलाई है। इस मीटिंग में गृह मंत्री अमित शाह समेत केंद्र के कई नेता भी शामिल हो सकते हैं। इस मीटिंग में जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने को लेकर भी चर्चा होने की संभावना है। अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने और दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने के करीब दो साल बाद जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक गतिरोध को खत्म करने के लिए केंद्र की ओर से ये पहली बड़ी पहल मानी जा रही है। इस मीटिंग में जम्मू और कश्मीर दोनों ही क्षेत्रों के नेताओं को बुलाया गया है।

केंद्र ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला, पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती, जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी के अल्ताफ बुखारी और पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के प्रमुख सज्जाद लोन को मीटिंग में आमंत्रित किया है। ऑल पार्टी मीटिंग में जम्मू-कश्मीर के भाजपा और कांग्रेस के नेताओं के शामिल होने की भी संभावना है। महबूबा मुफ्ती ने पुष्टि की है कि 24 जून को होने वाली मीटिंग के लिए उनके पास फोन आया था। उन्होंने कहा मीटिंग में जाने का मैंने अभी फैसला नहीं किया है।

# राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री समेत समूचे देश ने दी मिल्खा सिंह को श्रृद्धांजलि

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश के महान फर्राटा धावक मिल्खा सिंह के निधन के साथ एक युग के अंत पर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री समेत पूरे देश ने शोक जताया है । राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि उनके संघर्ष और जुझारूपन की कहानी भारतीयों की आने वाली पीढियों को प्रेरित करती रहेगी जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें 'बहुत बड़ा' खिलाड़ी बताया ।

कोरोना संक्रमण से एक महीने तक जूझने के बाद मिल्खा सिंह का चंडीगढ के पीजीआईएमईआर में कल रात निधन हो गया। इससे एक सप्ताह पहले उनकी पत्नी और भारतीय वॉलीबॉल टीम की पूर्व कप्तान निर्मल कौर का भी निधन हो गया था।



राष्ट्रपति ने ट्वीट किया कि खेलों के महानायक मिल्खा सिंह के निधन से दुखी हूं। उनके संघर्ष और जुझारूपन की कहानी भारतीयों की आने वाले पीढियों को प्रेरित करती रहेगी । उनके परिवार और असंख्य प्रशंसकों के प्रति मेरी संवेदनायें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया कि मिल्खा सिंह जी के निधन से हमने एक बहुत बड़ा खिलाड़ी खो दिया जिनका असंख्य भारतीयों के ह्रदय में विशेष स्थान था। अपने प्रेरक व्यक्तित्व से वे लाखों के चहेते थे। मैं उनके निधन से आहत हूं। उन्होंने आगे लिखा कि मैंने कुछ दिन पहले ही मिल्खा सिंह जी से बात की थी। मुझे नहीं पता था कि यह हमारी आखिरी बात होगी। उनके जीवन से कई उदीयमान खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी। उनके परिवार और दुनिया भर में उनके प्रशंसकों को मेरी संवेदनायें।

भारतीय खेल जगत ने इस प्रेरणादायी खिलाड़ी को श्रृद्धांजलि दी। ट्रैक को अलविदा कहने के बाद भी भारतीय खेलों पर उनकी नजर हमेशा बनी रही। भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने कहा कि हमने आपको दौड़ते नहीं देखा लेकिन बचपन में जब भी हम तेज दौड़ते थे तो हम मिल्खा सिंह की तरह दौड़ते थे। आप सिर्फ दौड़ते ही नहीं थे, आप प्रेरित करते थे। टोक्यो ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर चुके भालाफेंक खिलाडी नीरज चोपड़ा ने ट्वीट किया कि हमने एक नगीना खो दिया। वह हर भारतीय के लिये प्रेरणा बने रहेंगे। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे।

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि भारतीय खेलों के सबसे चमकते सितारों में से एक चला गया। उन्होंने कहा कि महान फर्राटा धावक फ्लाइंग सिख श्री मिल्खा सिंह जी के निधन से भारत में शोक है। उन्होंने विश्व एथलेटिक्स पर अमिट छाप छोड़ी। भारत उन्हें खेलों के सबसे चमकते सितार में से एक के रूप में सदैव याद रखेगा। उनके परिवार को प्रशंसको को मेरी संवेदनायें।

भारतीय खेल प्राधिकरण ने ट्वीट किया कि राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता मिल्खा सिंह के नाम 400 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 38 साल तक रहा । उनके परिवार और उन लाखों लोगों के प्रति संवेदना जिन्हें उन्होंने प्रेरित किया। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने ट्वीट किया कि सभी भारतीयों के लिये बहुत दुखद समाचार। एएफआई अध्यक्ष आदिले सुमरिवाला ने मिल्खा को ऐसा धुरंधर बताया जिन्होंने युवा देश में एथलेटिक्स को नयी बुलंदियों तक पहुंचाया। ओलंपियन अंजु बॉबी जॉर्ज ने लिखा कि वह युवा भारतीयों को कई पीढियों तक प्रेरित करते रहेंगे। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। भारतीय एथलेटिक्स को बड़ा नुकसान। भारतीय फर्राटा धावक मोहम्मद अनस याहिया ने लिखा कि मिल्खा सर के निधन से स्तब्ध हूं। मेरे दिल में हमेशा आपकी खास जगह रहेगी । फ्लाइंग सिख हमेशा जीवित रहेंगे।